देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 17.05.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- भारत, पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को बेनकाब करने के लिए विभिन्न देशों में बहुदलीय शिष्टमंडल भेजेगा।
- चमोली जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने नंदा देवी राजजात यात्रा की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की।
- आधार प्रमाणीकरण लेन–देन की संख्या एक खरब 50 अरब से अधिक हुई।
- छठें राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष एन. रवि शंकर की अध्यक्षता में पौड़ी में नगर निगम, नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई।

ऑपरेशन सिंदूर शिष्टमंडल

केंद्र सरकार, ऑपरेशन सिंदूर को ध्यान में रखते हुए पाकिस्तान प्रायोजित आंतकवाद के खिलाफ भारत का दृष्टिकोण प्रस्तुत करने के लिए विभिन्न देशों में बहु–दलीय शिष्टमंडल भेजने की योजना बना रही है। सूत्रों ने बताया है कि प्रत्येक शिष्टमंडल में सत्तारूढ़ और विपक्षी दलों के सदस्य हो सकते है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने नई दिल्ली में संवाददाताओं को बताया कि संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से राजनयिक पहुंच बनाने की इस पहल के बारे में बात की है।

नंदा देवी राजजाता समीक्षा

चमोली जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आगामी नंदा देवी राजजात यात्रा की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों से यात्रा व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए समय पर सभी प्रबंध पूरे करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान डॉ. रावत ने सचिव, कार्मिक से दूरभाष पर बातचीत कर मेलाधिकारी और कर्णप्रयाग व थराली के उपजिलाधिकारियों की जल्द तैनाती के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस बार बड़ी संख्या में श्रद्धालु राजजात यात्रा में शामिल होंगे, इसलिए व्यवस्थाएं उसी के अनुरूप की जाएं। उन्होंने पर्यटन अधिकारी को यात्रा की मानक संचालन प्रक्रिया– एसओपी तैयार करने और यात्रा मार्ग पर प्री–फैब्रिकेटेड शौचालय, पेयजल, हेलीपैड और पार्किंग की जल्द व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही मंदिरों के हक–हकूकधारियों और जनप्रतिनिधियों से प्रस्ताव लेने को भी कहा गया।

## नई टिहरी मास्टर प्लान

एशिया के सबसे बड़े टिहरी बांध बनने के बाद मास्टर प्लान से बने नई टिहरी शहर को विश्व पर्यटन के मानचित्र पर लाने की कवायद शुरू हो गई है। टिहरी झील के आस–पास रिंग रोड, आईएसबीटी बनाने के लिए कार्य गतिमान और रोपवे के लिए प्रस्तावित है। बौराड़ी और नई टिहरी शहर में पैदलपथ और ई–रिक्शा के संचालन पर भी प्रशासन विचार कर रहा है। टीएचडीसी द्वारा नई टिहरी के मुख्य द्वार का निर्माण किया गया है और इसके साथ ही उत्तराखण्ड आंदोलनकारी पार्क निर्माणाधीन है। टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने कार्यदायी संस्था को सकारात्मक सोच से इस शहर को आगे बढ़ाने को कहा।

जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने कार्यदायी संस्था को सुमन पार्क की गुणवत्ता पर ध्यान देने के साथ कहा कि टिहरी बाजार को और सुंदर बनाए, जिससे पर्यटक अधिक से अधिक आए और स्थानीय व्यापारियो का कारोबार बढ़े।

## कार्यशाला

पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, अल्मोड़ा में उत्तराखंड बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. गीता खन्ना की अध्यक्षता में जन–जागरूकता व संवेदीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। इस अवसर पर समान नागरिक संहिता, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, बालकों की नशे से सुरक्षा आदि से संबंधित जानकारी दी गई। कार्यशाला में जिले के विभिन्न विद्यालयों से 15 से 18 वर्ष के आयु वर्ग के 250 बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर बाल संरक्षण आयोग उत्तराखण्ड की अध्यक्ष डॉ. गीता खन्ना ने कहा कि बाल श्रम पर रोक लगाने के लिए आयोग गंभीर है और बच्चों को चिन्हित कर स्कूलों में प्रवेश दिलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य बाल अधिकारों के प्रति सर्व समाज को जागरूक करना है, ताकि बच्चों को सुरक्षित बचपन और उत्तम भविष्य दिया जा सके।

## आधार प्रमाणीकरण

आधार प्रमाणीकरण लेन–देन की कुल संख्या एक खरब 50 अरब से अधिक हो गई है। यह भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण और व्यापक आधार व्यवस्था की दिशा में महत्वपूर्ण उपलबधि है। यह उपलब्धि आधार के व्यापक उपयोग और देश में डिजिटल अर्थव्यवस्था का विकास प्रदर्शित करती है। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कहा है कि केवल अप्रैल महीने में लगभग दो अरब 10 करोड़ आधार प्रमाणीकरण लेन–देन किए गए।

राज्य वित्त आयोग बैठक

छठें राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष एन. रवि शंकर की अध्यक्षता में पौड़ी में नगर निगम, नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में आयोग के अध्यक्ष ने नगर निकायों में कूड़ा प्रबंधन, विद्युत, पेयजल आपूर्ति वस्वच्छता के लिए ठोस प्रभावी कदम उठाए जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि नगर के विकास के लिए अधिकारी जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए विकास के कार्यों को आगे बढ़ाएं। आयोग के सदस्य पी.एस जंगपांगी ने बताया कि आयोग ने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ प्रस्तावित योजनाओं के बारे में विस्तृत चर्चा की। नगर निगम श्रीनगर के पार्षद पंकज कुमार सती ने कहा कि नगर निगम श्रीनगर मे छठवें वित्त आयोग का कुल बजट तीन करोड़ है। हमने यहां के लिए धनराशि बढ़ाने की मांग की है।

गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क

उत्तरकाशी जिले में वन विभाग की ओर से गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क क्षेत्र में लगाए गए कैमरों में इस वर्ष कस्तूरी मृग की तस्वीरें कैद हुई है। साथ ही हिम तेंदुआ और भूरा भालू की तस्वीरें भी जोड़े और झुंड में देखी गई है। इससे पार्क प्रशासन उत्साहित नजर आ रहा है। अधिकारियों का कहना है कि यह तस्वीरें पार्क क्षेत्र की सुरक्षित पर्यावरणीय और पारिस्थितिक तंत्र की ओर संकेत कर रहे हैं।

गंगोत्री राष्ट्रीय पार्क को दुर्लभवन्य जीवों का घर कहा जाता है। विश्व के सबसे दुर्लभ प्रजाति में शामिल वन्य जीव गंगोत्री ग्लेशियर, केदारताल और भारत–चीन अंतरराष्ट्रीय सीमा पर नेलांग–जादूंग घाटी में पाए जाते हैं। इनकी सुरक्षा के लिए पार्क प्रशासन की ओर से पूरे क्षेत्र में करीब 40 ट्रैप कैमरे लगाए गए थे। इस वर्ष वन विभाग की ओर से इन कैमरों को निकालकर शीतकाल में पार्क में दुर्लभ प्रजाति के वन्य जीवों के पारिस्थितिक तंत्र और पर्यावरणीय आकलन किया गया। पार्क के अधिकारियों का कहना है कि इस वर्ष कैमरों में कस्तूरी मृग, हिम तेंदुआ और भूरा भालू के अलावा रेड फॉक्स और लेपर्ड कैट की तस्वीरें भी कैद हुई है। पार्क के उपनिदेशक हरीश नेगी ने बताया कि वन्य जीवों का दिखना उच्च हिमालयी क्षेत्रों के पर्यावरण और पारिस्थितिक तंत्र के लिए अच्छे संकेत हैं। पार्क क्षेत्र में वर्तमान में अनुमानित 30 से 35 हिम तेंदुओं की संख्या है। वहीं अन्य दुर्लभ प्रजातियां भी अच्छी संख्या में देखने को मिल रही है।

कैबिनेट मंत्री निरीक्षण

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून के पुरूकुल गांव का दौरा कर मसूरी–देहरादून विकास प्राधिकरण की अवस्थापना मद से स्वीकृत लगभग तीन करोड़ रुपए की लागत से निर्माणाधीन सामुदायिक भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ तय समय सीमा के भीतर पूरा करने के कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री ने स्थानीय लोगों से संवाद कर उनकी अपेक्षाओं और जरूरतों की जानकारी भी ली। उन्होंने विश्वास जताया कि पुरूकुल गांव में बन

रहा यह सामुदायिक भवन स्थानीय लोगों के लिए विवाह समारोहों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और अन्य सामाजिक गतिविधियों के आयोजन के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा।